भारत सरकार

रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय

औषध विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2052

दिनांक 02 अगस्त, 2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

जेनेरिक दवाओं का सेवन

2052. श्री बालाशौरी वल्लभनेनीः

क्या **रसायन और उर्वरक** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा देश में लगभग 10,000 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) स्टोर स्थापित किए जाने के बाद जेनेरिक दवाओं की खपत के बारे में कोई आकलन किया गया है;

(ख) यदि हां, तो आन्ध्र प्रदेश राज्य के विशेष संदर्भ में तत्संबंधी राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) पीएमबीजेपी स्टोर्स के माध्यम से कितनी आनुवांशिक दवाएं और चिकित्सा उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं;

(घ) आन्ध्र पदेश राज्य के मछलीपट्टनम में पीएमबीजेपी स्टोरों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) मछलीपट्टनम में और अधिक पीएमबीजेपी स्टोर स्थापित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का विचार है?

उत्तर

रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री (श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): दिनांक 30.06.2024 की स्थिति के अनुसार, 12,616 प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र (पीएमबीजेके) खोले जा चुके हैं। वर्तमान वित्त वर्ष सहित पिछले पांच वित्तीय वर्षों में दिनांक 30.06.2024 तक प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना (पीएमबीजेपी) के तहत कुल 3548.79 करोड़ रुपये की बिक्री हुई है, जिसमें से 8.34 करोड़ रुपये की बिक्री आंध्र प्रदेश में हुई। पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जन औषधि जेनेरिक दवाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वित्तीय वर्ष-वार कुल बिक्री **अनुलग्नक** के रूप में संलग्न है।

(ग): पीएमबीजेपी की उत्पाद संख्या में इस समय 2047 दवाएं और 300 सर्जिकल और चिकित्सा उपभोग्य वस्तुएं शामिल हैं। ये दवाएं सभी चिकित्सीय समूहों जैसे एनाल्जेसिक और एंटीपायरेटिक / एंटी-इंफ्लेमेटरी, मधुमेह-रोधी, एंटीबायोटिक और एंटी-फंगल, कार्डियोवैस्कुलर, साइकोट्रोपिक, डर्माटोलोजी, विटामिन और मिनरल्स, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल, श्वसन, कैंसर-रोधी आदि को कवर करती हैं।

(घ): पीएमबीजेपी के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य के कृष्णा जिले के मछलीपट्टनम में 07 केंद्र खोले गए हैं।

(ङ): सरकार ने दिनांक 31.03.2027 तक देश भर में 25,000 प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य रखा है। मछलीपट्टनम, कृष्णा जिले, आंध्र प्रदेश सहित सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के आवेदक नए पीएमबीजेके खोलने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

अनुलग्नक

जेनेरिक दवाओं के सेवन के संबंध में श्री बालाशौरी वल्लभनेनी द्वारा पूछे जाने वाले दिनांक 02.08.2024 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2052 के भाग (ख) के उत्तर के संबंध में उल्लिखित अनुलग्नक

पिछले पांच वित्तीय वर्षों में जन औषधि जेनेरिक दवाओं की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार और वित्तीय वर्ष-वार कुल बिक्री								
								(रुपए करोड़ में)
क्र.सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (30.06.2024 की स्थिति के अनुसार)	कुल
1	अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह	0.07	0.01	0.04	0.04	0.01	0.00	0.18
2	**आंध्र प्रदेश**	**1.47**	**1.11**	**1.13**	**1.68**	**2.95**	**0.00**	**8.34**
3	अरुणाचल प्रदेश	0.20	0.06	0.06	0.33	0.31	0.08	1.04
4	असम	1.84	2.37	3.73	4.70	5.82	0.00	18.45
5	बिहार	5.43	12.22	25.18	47.42	75.05	0.00	165.31
6	चंडीगढ़	1.65	0.78	1.04	1.98	3.88	5.84	15.17
7	छत्तीसगढ़	2.31	2.54	4.47	5.54	6.56	34.17	55.60
8	दिल्ली	10.30	15.64	25.93	27.69	26.42	14.00	119.99
9	गोवा	0.00	0.01	0.03	0.09	0.35	0.06	0.55
10	गुजरात	13.03	18.56	19.40	21.35	21.74	9.85	103.93
11	हरियाणा	4.38	5.60	8.13	9.28	12.38	0.00	39.77
12	हिमाचल प्रदेश	1.15	1.36	2.38	3.17	2.73	1.56	12.36
13	जम्मू और कश्मीर	4.98	6.67	14.28	25.98	33.95	14.01	99.86
14	झारखण्ड	1.14	2.29	2.73	5.98	9.72	31.75	53.62
15	कर्नाटक	67.41	92.60	116.06	123.91	115.14	48.84	563.95
16	केरल	45.38	85.34	138.23	153.42	151.47	57.14	630.96
17	लद्दाख	0.00	0.00	0.06	0.13	0.14	0.00	0.33
18	लक्षदीप	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
19	मध्य प्रदेश	4.58	6.20	8.47	11.10	13.84	0.00	44.19
20	महाराष्ट्र	8.57	7.92	10.64	12.19	11.41	8.01	58.74
21	मणिपुर	0.28	0.19	2.21	3.58	4.16	2.16	12.58
22	मेघालय	0.02	0.10	0.93	1.27	1.34	0.49	4.13
23	मिजोरम	0.82	0.36	0.36	0.46	0.68	0.00	2.69
24	नागालैंड	0.39	0.20	0.22	0.45	0.63	0.00	1.89
25	ओडिशा	13.81	21.45	28.87	34.26	38.76	7.12	144.26
26	पुडुचेरी	0.78	0.76	1.14	1.52	2.10	0.00	6.30
27	पंजाब	16.78	24.69	30.05	33.36	35.75	16.00	156.63
28	राजस्थान	4.36	5.43	8.10	11.51	18.76	20.83	68.98
29	सिक्किम	0.02	0.00	0.01	0.03	0.17	0.00	0.22
30	तमिलनाडु	34.88	40.84	60.70	67.37	69.52	34.69	307.99
31	तेलंगाना	1.35	1.42	2.35	2.89	4.10	0.00	12.11

32	दादर एवं नगर हवेली और दमन एवं दीव	0.06	0.23	0.30	0.26	0.19	0.00	1.04
33	त्रिपुरा	1.77	1.57	1.68	1.90	2.11	0.58	9.62
34	उत्तर प्रदेश	49.34	59.10	86.33	117.34	142.82	69.58	524.51
35	उत्तराखंड	6.39	8.00	9.59	13.09	15.01	23.16	75.24
36	पश्चिम बंगाल	8.65	19.84	30.87	53.82	77.03	38.04	228.24
कुल योग		**313.59**	**445.46**	**645.72**	**799.09**	**907.00**	**437.94**	**3548.79**

*****